# 4 जनवरी, 2022 करेंट अफेयर्स

## 1. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थाई देशों ने कहा- कोई नहीं जीत सकता परमाणु युद्ध, लिया ये संकल्प



- परमाणु युद्ध को रोकने और हथियारों की होड़ से बचने के लिए अमेरिका, चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन ने साझा बयान जारी किया गया है. जिसमें कहा गया है कि कोई भी देश परमाणु युद्ध नहीं जीत सकता है.
- अमेरिका, चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन ने परमाणु हथियारों की रेस को कम करने की रणनीति बनाई है. चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका के नेताओं ने पहली बार परमाणु युद्ध छिड़ने से रोकने और हथियारों की दौड़ से बचने पर एक संयुक्त बयान जारी किया और साथ ही एक-दूसरे पर परमाणु हथियारों का उपयोग न करने का संकल्प जताया. साझा बयान में कहा गया है कि कोई भी देश परमाणु युद्ध नहीं जीत सकता है. ऐसे हथियारों का प्रसार रोका जाना चाहिए.

- पड़ोसी देश यूक्रेन (Ukraine) के पास रूस (Russia) के सैन्य निर्माण को लेकर चिंताओं को लेकर मॉस्को और पश्चिमी देशों के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच यह बयान आया है. पांचों देशों के साझा बयान में कहा गया है कि हम इस बात की दावा करते हैं कि परमाणु युद्ध नहीं जीता जा सकता है और इसे कभी नहीं लड़ा जाना चाहिए.
- पांच परमाणु शक्तियों के साझा बयान के अनुसार, चीन, रूस, ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमेरिका और फ्रांस ने सहमति व्यक्त की है कि परमाणु हथियारों के और प्रसार और परमाणु युद्ध से बचा जाना चाहिए.
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के स्थायी सदस्य देशों ने कहा कि परमाणु युद्ध से बचने और रणनीतिक जोखिमों को कम करने के लिए हम इसे अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी मानते हैं, जबकि सुरक्षा का माहौल बनाने के लिए सभी देशों के साथ काम करने का लक्ष्य रखते हैं. हम घोषणा करते हैं कि परमाणु युद्ध में कोई विजेता नहीं हो सकता है, इसे कभी भी शुरू नहीं किया जाना चाहिए. परमाणु हथियारों के उपयोग के दूरगामी परिणाम होंगे.

OleXPERT
ONLINE LEARNING WITH EXPERTS

## 2. इसरो का इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस से पहले गगनयान मिशन की पहली उड़ान के प्रक्षेपण का लक्ष्य




- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन- इसरो ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस से पहले गगनयान मिशन के तहत पूर्व नियोजित दो मानव रहित उड़ानों में से पहली उड़ान का प्रक्षेपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।
- इसरो के अध्यक्ष डॉ के सिवन ने कहा कि तीसरा चंद्र मिशन चंद्रयान-3 अगले साल के मध्य तक शुरू किया जाएगा। संगठन में वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करते हुए एक पत्र में, डॉ सिवन ने कहा कि पीएसएलवी पर ईओएस-4 और ईओएस-6 का प्रक्षेपण और एसएसएलवी की पहली उड़ान में ईओएस-02 का प्रक्षेपण इस वर्ष की प्राथमिकताओं में से है।
- उन्होंने कहा कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ 15 अगस्त से पहले पहला मानवरहित मिशन शुरू करने की योजना है। सभी हितधारक इस मिशन को पूरा करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं।

OleXPERT ONLINE LEARNING WITH EXPERTS

- सिवन ने कहा कि चंद्रयान-3 के डिजाइन में बदलाव और परीक्षण में अच्छी प्रगति हुई है और मिशन अगले साल के मध्य तक लॉन्च किया जा सकता है।
- भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल 1 सहित सभी बड़े वैज्ञानिक मिशन, जो 2021 में होने वाले थे, लेकिन महामारी की दूसरी लहर के कारण इनको छोड़ने का कार्यक्रम नए सिरे से निर्धारित करना पड़ा।

## 3. इज़राइल में कोरोना वैक्सीन की चौथी डोज को मिली मंजूरी




- इजराइल ने 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों और चिकित्सा कर्मचारियों के लिए कोविड वैक्सीन की चौथी खुराक को मंजूरी दी है, क्योंकि देश में ताजा मामलों में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है.
- इजराइल की महामारी प्रतिक्रिया समिति ने पहले ही 21 दिसंबर को नए बूस्टर शॉट के साथ आगे बढ़ने की सिफारिश जारी कर दी थी और पिछले हफ्ते, इम्यूनोसप्रेस्ड रोगियों और सेवानिवृत्ति के घरों के निवासियों के लिए अधिकृत थी.

- चौथा बूस्टर लेने के इच्छुक लोगों की आयु 60 वर्ष से अधिक होनी चाहिए और उन्हें कम से कम छह महीने पहले तीसरा टीका लगवाना चाहिए.
- इस चिंता को पहले वेजमैन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के प्रो. एरन सेगल ने उठाया था जिन्होंने कहा था कि अगले तीन हफ्तों के भीतर इजराइल की 40 प्रतिशत से अधिक आबादी ओमिक्रॉन वेरिएंट से संक्रमित हो सकती है.

## 4. लद्दाख में मनाया पारंपरिक नव वर्ष 'लोसर महोत्सव'



- लद्दाख में लोसर महोत्सव तिब्बती बौद्ध धर्म के पारंपरिक कार्यक्रम में नए साल की शुरुआत में मनाया जाता है।
- यह लद्दाख क्षेत्र में बौद्ध समुदाय द्वारा मनाया जाता है।
- लोसर तिब्बती चंद्र कैलेंडर की शुरुआत से 15 दिनों का त्योहार है, जो तिब्बती कैलेंडर में 11 महीनों के पहले दिन को चिह्नित करता है।

ONLINE LEARNING WITH EXPERTS

- लोसर एक तिब्बती शब्द है जिसका अर्थ है 'नया साल'।

## 5. फोटो पत्रकारिता में जीशान ए लतीफ ने जीता रामनाथ गोयनका पुरस्कार



- रामनाथ गोयनका ने अपने फोटा निबंध के लिए यह पुरस्कार जीता, जिसमें उन लोगों की दुर्दशा शामिल है, जिन्हें राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (NRC) में शामिल नहीं किया गया था। यह अक्टूबर 2019 में कारवां में प्रकाशित हुआ था।
- एनआरसी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार असम के लगभग 19 लाख निवासी भारत के नागरिक नहीं हैं। जीशान ए लतीफ ने कई ऐसे लोगों से मुलाकात की जो एनआरसी प्रक्रिया को नहीं समझ पाए और उन्हें सूची के पहले दो मसौदे से बाहर कर दिया गया।

ONLINE LEARNING WITH EXPERTS

- रामनाथ गोयनका पुरस्कार, पत्रकारिता के क्षेत्र में 2006 से दिया जा रहा है। यह रामनाथ गोयनका की याद में दिया जाता है।
- रामनाथ गोयनका पुरस्कार, प्रिंट पत्रकारिता के साथ-साथ प्रसारण पत्रकारिता के लिए दिया जाता है।

## 6. एयरटेल पेमेंट्स बैंक को आरबीआई से अनुसूचित बैंक का दर्जा प्राप्त




- एयरटेल पेमेंट्स बैंक को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा अनुसूचित बैंक के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जिससे सरकारी व्यवसाय के लिए पिच करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।
- एयरटेल पेमेंट्स बैंक के 115 मिलियन यूजर्स हैं। सितंबर,21 को समाप्त तिमाही में बैंक लाभ में रहा।
- अनुब्रत विश्वास एयरटेल पेमेंट्स बैंक के वर्तमान प्रबंध निदेशक और सीईओ हैं।

## 7. पीएम मोदी 12 जनवरी को पुडुचेरी में 25वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करेंगे




- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 जनवरी को केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में 25वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन पांडिचेरी केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में करेंगे।
- केंद्रीय मंत्री महोत्सव की तैयारियों और लॉजिस्टिक्स की भी निगरानी करेंगे।
- 12 से 16 जनवरी तक आयोजित होने वाले 5 दिवसीय युवा उत्सव में देश भर से लगभग 7000 युवा और 18 से 22 वर्ष की आयु के पुडुचेरी के 500 युवाओं के भाग लेने की उम्मीद है।

Ole XPERT ONLINE LEARNING WITH EXPERTS